


# 549वां जगद्गुरु वल्लभाचार्य जयंती महोत्सव आज से

▶ **5 दिवसीय उत्सव में निकलेगी शोभायात्रा, भजन संध्या के साथ होंगे विविध मनोहारी कार्यक्रम**

**उज्जैन।** **पुष्टिमार्गीय वैष्णव संप्रदाय के प्रवर्तक जगद्गुरु अखण्ड भूमण्डलाचार्य महाप्रभु वल्लभाचार्य का 549वां प्रागट्य महोत्सव शहर में 11 से 15 अप्रैल तक धूमधाम से मनाया जाएगा। ट्रस्टी विट्ठल नागर इसका नेतृत्व करेंगे। प्रधानगृह आचार्य महाप्रभु बैठक ट्रस्ट परिवार और समस्त पुष्टिमार्गीय वैष्णव समाज उज्जैन के तत्वावधान में गोमतीकुंड मंगलनाथ रोड स्थित बैठक पर ये पांच दिवसीय आयोजन होंगे।**

यह ऐतिहासिक महोत्सव इन्द्रदमन, राकेश महाराज के आशीर्वाद और भूपेशकुमार, विशाल बावा और लालगोविन्द अधिराज बावा की आज्ञानुसार आयोजित किया जा रहा है। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि मध्य प्रदेश की एकमात्र आचार्य श्री महाप्रभुजी की बैठक पर यह उत्सव मनाया जा रहा है।

**आयोजन समिति और सहयोगी संस्थाएं:** आयोजन में श्याम माहेश्वरी, जितेन्द्र गांधी, आनंद पुरोहित, शैलेन्द्र राठी और मनीष नागर हैं। कार्यक्रमों में श्री वल्लभ वैष्णव मण्डल, श्री वल्लभ वैष्णव युवा मण्डल, श्री वल्लभ वैष्णव महिला मण्डल, अ.पु. वैष्णव परिषद शाखा, अ.पु. वैष्णव परिषद युवा शाखा और अ.पु. वैष्णव परिषद महिला मण्डल सहयोगी संस्थाएं रहेंगी।

बैठक ट्रस्टी अंजनभाई शाह, समीर भाई चौधरी, दिव्येश नागर, पूनमबेन सौमैया, विट्ठल नागर और पूर्व ट्रस्टी अशोक जड़िया, बंसीलाल नीमा, प्रहलाददास नीमा तथा कमलकांत नागर ने समाजजनों से सभी कार्यक्रमों में शामिल होने की अपील की है।

### पांच दिवसीय कार्यक्रमों की तय की गई रूपरेखा

महोत्सव के तहत 11 अप्रैल को सुबह 11.30 बजे गोला मंडी स्थित पुरुषोत्तमजी की हवेली में फूल बंगला मनोरथ और शाम 7.30 बजे सराफा स्थित श्री मदनमोहनजी की हवेली में बधाई गान एवं अष्टाक्षर महामंत्र जाप होगा। 12 अप्रैल को रात्रि 7.30 बजे बुधवारिया स्थित खण्डेलवाल धर्मशाला में भव्य भजन संध्या आयोजित होगी, जिसमें हातोद वाले पं. शुभम कृष्ण दुबे भजनों की प्रस्तुति देंगे। इस अवसर पर वैष्णव समाज के अध्यक्ष और सचिव का सम्मान किया जाएगा। मुख्य पर्व 13 अप्रैल को श्री वल्लभाचार्य जयंती पर सुबह 7 बजे श्री मदनमोहनजी की हवेली से प्रभात फेरी निकाली जाएगी। श्री महाप्रभुजी की बैठक में केसर स्नान और फूल बंगला राजभोग होगा। इसी दिन शाम 6.30 बजे गो. श्री 108 श्री दिव्येशकुमारजी महाराजश्री इन्दौर-नाथद्वारा के सानिध्य में मानव भवन क्षीरसागर से निकास चौराहा तक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें पुरुषों से कुर्ता-पाजामा और महिलाओं से केसरिया या पीली साड़ी पहनकर आने का अनुरोध किया गया है। रात्रि 9.30 बजे महाप्रसादी होगी। 14 अप्रैल को ढाबारोड़ स्थित श्रीनाथजी की हवेली में फूल बंगला राजभोग तथा सुबह 9.30 बजे श्री महाप्रभुजी की बैठक में श्री वल्लभाचार्यजी द्वारा रोपित पीपलजी का दुग्धास्नान होगा। रात्रि 7.30 बजे सिंहपुरी स्थित श्री गोवर्धननाथजी की हवेली में श्री यमुनाष्टक पाठ और श्री वल्लभ साखी का आयोजन होगा। 15 अप्रैल को शाम 7 बजे श्री महाप्रभुजी की बैठक में पना मनोरथ व पुष्प वितान के साथ महोत्सव का समापन होगा।

# सरकारी गेहूं खरीदी केंद्रों का एसडीएम ने किया निरीक्षण



▶ **पचलासी केंद्र पर किसानों ने बजाई एसडीएम के लिए तालियां**

**खाचरौद।** ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न सहकारी संस्थाओं व वेयर हाउस पर समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी प्रारंभ हुई। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नेहा साहू ने ग्रामीण क्षेत्रों के अलग-अलग गेहूं खरीद केंद्रों के छह वेयर हाउस का भ्रमण कर किसानों के लिए पेयजल धूप से बचाव हेतु शेड के लिए उचित निर्देश दिए। वही गांव पचलासी के अग्रसेन वेयर हाउस पर सेवा सहकारी संस्था सर्वोदय द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी केंद्र के निरीक्षण के दौरान किसानों ने अपनी उपज के लिए ट्रैक्टर को गेट पर लगवाने आदि समस्या से एसडीएम साहू को अवगत कराया। जिस पर मौके पर ही किसानों की समस्या का निराकरण कर दिया गया। जिस पर उपस्थित किसानों द्वारा तालिया बजाकर निर्णय का स्वागत किया।

## एक नजर में

### स्वामी महामनदास का संतों-भक्तों ने किया सम्मान




**इंदौर.** निपान्या स्थित अंतर्राष्ट्रीय श्रीकृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) मंदिर इंदौर के अध्यक्ष एवं इस्कॉन उत्तर भारत के जोनल सेक्रेटरी स्वामी महामनदास को अब इस्कॉन इंडिया ब्यूरो का वाईस चेयरमैन मनोनीत किया गया है। यह ब्यूरो देशभर के इस्कॉन मंदिरों के प्रमुखों का समूह है। गुरुवार को जैसे ही इंदौर के भक्तों और संतों को यह शुभ समाचार मिला, उनके प्रशंसकों का मजमा निपान्या स्थित मंदिर पर जुटने लगा। यही नहीं स्वामी महामनदास को गत 4 अप्रैल को होटल ग्रैंड शेरेटन ग्रैंड पैलेस पर आयोजित एक गरिमापूर्ण समारोह में वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ़ एक्सीलेंस इंग्लैंड के प्रेसीडेंट हेनेरी आर ने वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ़ एक्सीलेंस से सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र भेंट किया है। इस उपलक्ष्य में इस्कॉन इंदौर से जुड़े भक्त मंडल की ओर से श्रीनिकेतन दास, हरि अग्रवाल, अशोक गोयल, गिरधर गोपाल दास, डॉ, लक्ष्मण दास, कृष्णार्चन प्रभु, विशाल प्रभु, जगत जीवन प्रभु, हेमांग प्रभु, अद्रिधरण प्रभु, आदित्य प्राण प्रभु एवं मृदुल कृष्ण प्रभु सहित अनेक भक्तों और संतों ने महामन प्रभुजी के जीवन चरित्र एवं कार्यशैली पर प्रकाश डालते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामनाएँ व्यक्त की और शॉल, श्रीफल, पगड़ी एवं राधा गोविन्द की प्रतिमा भेंटकर सम्मानित किया। संचालन गिरधर गोपाल प्रभु ने किया और आभार माना लक्ष्मण दास प्रभु ने। स्वामी महामनदास ने उन्हें मिले सम्मान को इस्कॉन के संस्थापक श्रील प्रभुपाद की सेवाओं और आशीर्वाद का सुफल बताया। स्वामी महामनदास ने श्रील प्रभुपाद से ही दीक्षा प्राप्त की है.

### मां कनकेश्वरी महाविद्यालय में कर्नल टीएन सिंह का निरीक्षण

**इंदौर.** कनकेश्वरी देवी शासकीय महाविद्यालय इंदौर में एनसीसी ग्रुप इंदौर की 1 एम पी गर्ल्स बटालियन एनसीसी इंदौर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल टी एन सिंह ने महाविद्यालय का निरीक्षण किया. इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य मेजर डॉ संजय सोहनी ने कर्नल टी एन सिंह के महाविद्यालय में स्वागत किया. इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी डॉ स्मिता चैतन्य एवं महाविद्यालय का सम्पूर्ण स्टॉफ भी उपस्थित था. महाविद्यालय के प्रथम निरीक्षण के दौरान कर्नल टी एन सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त की. उन्होंने अपनी बटालियन की ओर से महाविद्यालय के विद्यार्थियों को कैरियर मार्गदर्शन एवं सहयोग देने का आश्वासन दिया. उन्होंने स्टॉफ एवं विद्यार्थियों से अनुरोध किया कि राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करने के लिए एनसीसी प्रशिक्षण अनिवार्य होना चाहिए, ताकि हमारा देश चहुमुखी प्रगति कर सके. इस अवसर पर 1 एम पी गर्ल्स बटालियन एनसीसी इंदौर के सूबेदार श्याम सिंह तथा जी सी आई सरिता विशेष रूप से उपस्थित थी.

### सुरक्षित और दर्द-मुक्त सर्जरी पर कर रहे मंथन

**इंदौर.** जब भी किसी परिवार में किसी की सर्जरी होती है, तो सबसे बड़ी चिंता सुरक्षा की होती है. इंदौर में आरएसएसीपीसीओएनन 2026 की शुरुआत हुई, इसमें जहाँ दुनिया भर के दिग्गज एनेस्थीसिया डॉक्टर जुटे हैं. इनका मकसद सिर्फ एक है—हर सर्जरी को पहले से ज़्यादा सुरक्षित और दर्द-मुक्त बनाना. इस सम्मेलन का मंत्र है रिसर्च से इलाज तक. यहाँ मौजूद डॉक्टर यह तय कर रहे हैं कि दुनिया भर की नई खोजें सिर्फ कागजों तक न रहें, बल्कि वे आपके और हमारे अपनों की जान बचाने के काम आएँ. आयोजन अध्यक्ष प्रो. डॉ. किशोर अरोड़ा ने कहा, हमारा असली काम तब सफल होता है जब ऑपरेशन थिएटर के बाहर खड़ा परिवार सुकून की सांस ले सके. हम यहाँ इसलिए जुटे हैं ताकि यह पक्का कर सकें कि सर्जरी के दौरान हर मरीज के पास सबसे आधुनिक और सुरक्षित तकनीक मौजूद हो. एनेस्थीसिया विशेषज्ञ सिर्फ बेहोश नहीं करते, बल्कि वे ऑपरेशन के दौरान मरीज की हर धड़कन और हर सांस के रक्षक होते हैं. आयोजन सचिव डॉ. मीनू चड्ढा ने बताया, .यहाँ से हमारे युवा डॉक्टर वो हुनर सीखकर निकलेंगे जो आने वाले समय में लाखों लोगों की जान बचाएगा. एकेडमिक चेयरपर्सन डॉ. साधना संवतसरकर ने कहा विज्ञान का असली फायदा तब है जब वह आम आदमी के काम आए. साइंटिफिक चेयरपर्सन डॉ. हर्षा फुलंबरीकर के अनुसार इंदौर में इंटरनेशनल एक्सपर्ट्स का आना यहाँ के स्वास्थ्य जगत के लिए एक नई शुरुआत है. वर्कशॉप चेयरपर्सन डॉ. विकास गुप्ता ने कहा हमारा मिशन है—हर नागरिक के लिए सुरक्षित सर्जरी. यहाँ डॉक्टर नई तकनीकें सीख रहे हैं ताकि वे किसी भी सर्जरी को आसान बना सकें. यह आयोजन 12 अप्रैल तक चलेगा.

### प्रदेश की निष्क्रिय संस्थाओं को नोटिस देकर हटाएं

**इंदौर.** प्रदेश सहकारिता विभाग की लेतलाली के कारण सहकारिता आंदोलन का गलत संदेश जा रहा है इंदौर की 100 से अधिक गृह निर्माण संस्थाएं तो ऐसी है, जिसमें वर्षों से कोई काम नहीं है तथा संस्था के संचालक सदस्य भी इस्तीफा दे चुके हैं। संस्थाओं ने भी कई बार संस्था के समापन के आवेदन दिए गए, मगर विभाग ना जाने क्यों इन संस्थाओं को कायम रखना चाहता है. उक्त आरोप वरिष्ठ सहकारिता नेता एवं जिला सहकारी संघ के पूर्व मानसेवी सचिव रामबाबू अग्रवाल ने लगाते हुए सहकारिता आयुक्त, सहकारिता मंत्री एवं मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर ऐसी सभी सहकारी संस्थाओं को तत्काल समापन किया जाने की मांग की है ताकि सहकारिता विभाग का भी बोझ कम हो तभी एक-एक इंस्पेक्टर पर 20-20 संस्थाओं का काम देख रहे हैं और केवल कागज काले कर रहे हैं अपने पत्र में लिखा है कि इसमें विभाग का अनुत्पादक खर्च भी बचेगा और भ्रष्टाचार पर भी रोक लगेगी, जिला एवं राज्य संघ द्वारा 12 तरह की सहकारिता संस्थाओं का निर्माण किया जाता है. 50 क्रेडिट संस्थाएं भी निष्क्रीया पड़ी है एवं नोटिस देकर हजारों संस्थाओं जो बंद है तत्काल हटाई जाए पहले ही स्टाफ कम है, सहकारिता ऑडिटरों से भी काम का बोझ कम होगा हाउसिंग संस्थाएं ने एक समय पर जब जमीन और लोन मिलता था एक एक मल्टी बनाई और लोन चुकता कर बंद हो गई उनको भी तत्काल प्रभाव से हटाया जा सके अगर सरकार भी मंशा हो तो!

# अघोर अखाड़ा और श्री सेनापति काल भैरव संगठन का अष्टधारा महायज्ञ शुरू

▶ **अष्टधारा महायज्ञ के माध्यम से सुख-समृद्धि, उन्नति और नकारात्मक शक्तियों के नाश की प्रार्थना**

**उज्जैन।** काल भैरव घाट स्थित श्री बम-बम भूतेश्वर महादेव मंदिर में अघोर अखाड़ा उज्जैन और श्री सेनापति काल भैरव गौसेवा संगठन उज्जैन के तत्वावधान एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़ेश्वरी अघोरी बाबा योगी विष्णु नाथ महाराज के नेतृत्व में आठ दिवसीय अष्टधारा महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

अष्टधारा महायज्ञ से पूर्व मां बटुक ब्राह्मण द्वारा मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजन किया गया। 10 अप्रैल से प्रारंभ हुआ अष्टधारा महायज्ञ निरंतर जारी है। जो 17 अप्रैल 2026 तक चलेगा। समापन के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

महायज्ञ के पावन अवसर पर मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र को आकर्षक सजावट से सजाया गया है। रंग-बिरंगी रोशनी, ध्वज-पताकाओं एवं पारंपरिक सज्जा से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आ रहा है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु, साधु-संत एवं साधक-साधिकाएं महायज्ञ में शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं। सोमेंद्रनाथ महाराज ने बताया कि इस महायज्ञ का मुख्य स्वरूप 'अष्ट द्रव्य अर्पण' है, जिसमें दूध, दही, घी, सरसों तेल, शहद, शराब, गंगाजल एवं इत्र को कलश के माध्यम से अष्टधारा के रूप में भगवान काल भैरव को अर्पित किया जा रहा है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सोमवार नाथ जी महाराज, योगी महावीर नाथ जी महाराज, नर्मदा नाथ जी महाराज उपस्थित थे। महायज्ञ का उद्देश्य नकारात्मक शक्तियों का नाश, व्यापार-व्यवसाय में उन्नति, तथा काम, क्रोध, मोह, लोभ एवं अहंकार का त्याग कर भगवान काल भैरव के चरणों में समर्पण का संदेश देना है। साथ ही समाज एवं देश के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की जा रही है। आयोजन के दौरान प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक एवं तांत्रिक अनुष्ठान, पूजन-अर्चन एवं श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी भंडारे की व्यवस्था की जा रही है। इस महायज्ञ के माध्यम से सेवा, त्याग, परोपकार एवं सनातन धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

आगामी दिनों में देशभर से विभिन्न अखाड़ों के संत-महात्माओं के पहुंचने की संभावना है, जिससे महायज्ञ का धार्मिक महत्व और भी बढ़ेगा। इस मौके पर योगी रवि नाथ महाराज, योगी नाथ महाराज, गत वीर काशीनाथ महाराज, मंगलनाथ महाराज, सेवा नाथ महाराज, योगी सिद्धनाथ महाराज, आकाश नाथ महाराज, बालक नाथ जी महाराज आदि सेवा देने वाले लोग एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।

# रीजन स्तरीय संस्कार निर्माण कार्यशाला कल

▶ **जैन सोश्यल ग्रुप नागदा का प्रथम मिलन समारोह**

**नागदा।** जैन सोश्यल ग्रुप नागदा के प्रथम मिलन समारोह का आयोजन कल 12 अप्रैल को होने जा रहा है। इस दौरान रीजन स्तरीय संस्कार निर्माण कार्यशाला का आयोजन भी मध्यप्रदेश रीजन अध्यक्ष राहुल चपडोद के कुशल नेतृत्व में किया जाएगा।

स्नेह कुंज गार्डन में आयोजित इस समारोह में सैंकड़ों बच्चों की सहभागिता अनुमानित की जा रही है। संस्कार निर्माण कमेटी कन्वीनर श्रेणिक बम के अनुसार इस समारोह में मुख्य अतिथि इलेक्ट प्रेसिडेंट जेएसजीआईएफ मनीष कोठारी होंगे। सारस्वत अतिथि विभा गांधी, संस्थापक सृजक कैरियर कंसल्टेंसी इंदौर होगी। विशिष्ट अतिथि एस एम सिसौदिया, अभिषेक सेठिया, एचएल मेहता, हेमंत जैन, जयंतीलाल फाफरिया, उज्जैन ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़, रवि कांठेड़ मंच की शोभा बढ़ाएंगे। यह जानकारी ग्रुप अध्यक्ष धर्मेन्द्र बम एवं सचिव प्रशांत नाहर ने दी है।

कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील शरद जैन, दिलीप कांठेड़, मनीष चपलोत, हितेष कांठेड़, अमित बम, राजा कर्नावट, रवि संघवी, साधना जैन, मनोज वागरेचा, मनीषा गांग, विपिन वागरेचा, नितिशा वागरेचा, सिद्धार्थ कांठेड़, सुरेश नाहटा, अंकुर जैन, आशीष पोखरना, कुशल भंसाली, ब्रजेश बोहरा, पंकज पावेचा एवं सदस्यों ने की है।

# तौल कांटा पूजन कर खरीदी का श्रीगणेश



**घट्टिया।** कृषि साख सहकारी समिति द्वारा वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन (खरीदी) कार्य का विधिवत शुभारंभ शुक्रवार को तौल कांटों का पूजन कर किया गया। बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति घट्टिया के गेहूं उपार्जन केंद्र विशुद्ध सागर वेयरहाउस पर कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित संस्था घट्टिया के प्रशासक रोहित राज नागौर व जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा घट्टिया के प्रबंधक व सहकारी संस्था प्रबंधक संतोष सिंह पंवार ने तौल कांटों का पूजन कर गेहूं लेकर आए किसानों का पुष्पमाला से स्वागत कर उपार्जन प्रारंभ करवाया। कार्यक्रम में सहकारी संस्था के सहायक कुलदीप आंजना, महेश भभूतिया, विशुद्ध सागर वेयरहाउस के विशाल शर्मा सहित किसान उपस्थित थे।

# सराफा विद्यालय को 11 किलोमीटर दूर शिफ्ट करने का विरोध

▶ **2978 विद्यार्थियों के भविष्य पर संकट**

**उज्जैन।** भगवान महाकाल की नगरी में स्थित शासकीय सराफा विद्यालय को शहर से 11 किलोमीटर दूर दाऊदखेड़ी शिफ्ट करने के आदेश का विरोध शुरू हो गया है। शिक्षा विभाग के इस फैसले से विद्यालय में पढ़ने वाले हजारों विद्यार्थियों, विशेषकर गरीब परिवारों की छात्राओं की पढ़ाई पर संकट खड़ा हो गया है।

जिला पंचायत उज्जैन के पूर्व उपाध्यक्ष एवं शिक्षा स्थायी समिति के अध्यक्ष भरत पोरवाल ने इस संबंध में उज्जैन कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र खत्री को पत्र लिखकर आपत्ति दर्ज कराई है। पोरवाल ने आदेश पर रोक लगाने की मांग करते हुए अधिकारियों के निर्णय पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि सराफा विद्यालय में पढ़ने वाली गरीब परिवार की छात्राएं 11 किलोमीटर दूर दाऊदखेड़ी स्थित विद्यालय में अध्ययन के लिए कैसे जा पाएंगी। इतनी दूर स्कूल शिफ्ट होने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

### 30 मार्च को जारी हुआ था आदेश

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा 30 मार्च 2026 को सराफा विद्यालय को शिफ्ट करने के संबंध में आदेश क्रमांक 274 जारी किया गया था। पोरवाल ने पत्र में स्पष्ट किया है कि सराफा विद्यालय में वर्तमान में 580 छात्राएं अध्ययनरत हैं। जबकि कुल छात्र-छात्राओं की संख्या 2978 है। इतनी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ को रोकने के लिए जनहित में इस आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाना चाहिए।

# सहकारी संस्था झीतरखेड़ी के उपार्जन केंद्र शुरू



**घट्टिया।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित ग्राम झीतरखेड़ी के उपार्जन कार्य का शुभारंभ उपार्जन केंद्र हीरामणि वेयरहाउस घट्टिया पर संस्था प्रशासक रोहित राज नागौर के द्वारा कांटों का पूजन कर किया गया।

कार्यक्रम में संस्था प्रबंधक आदित्य दुबे, कृष्णकांत गामी, नरेंद्र सिंह, वेयरहाउस हाउस से हरीश शास्त्री व गेहू लेकर आए किसान उपस्थित थे।

**एक नजर** ▶ **विश्व होम्योपैथी दिवस पर शासकीय चिकित्सालय में जागरूकता कार्यक्रम, लायंस क्लब ऊर्जा ने किया डॉ. पाटीदार का सम्मान**

# होम्योपैथी जटिल और पुराने रोगों के उपचार में कारगर : महापौर

**उज्जैन। विश्व होम्योपैथी दिवस और इस पद्धति के संस्थापक डॉ. हैनीमैन की जयंती के अवसर पर शासकीय होम्योपैथी चिकित्सालय बसंत विहार में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि महापौर मुकेश टटवाल ने होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के महत्व, इसकी प्रभावशीलता और सुरक्षित उपचार प्रणाली पर प्रकाश डाला।**

संभाग आयुष अधिकारी डॉ. ज्योति पांचाल ने बताया कि होम्योपैथी न केवल रोगों का उपचार करती है, बल्कि यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूत बनाती है। वहीं, डॉ. मनीषा पाठक ने कहा कि इस पद्धति के माध्यम से जटिल और दीर्घकालिक रोगों का भी प्रभावी इलाज संभव है। इस अवसर पर लायंस क्लब ऊर्जा उज्जैन द्वारा शहर के प्रतिष्ठित होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. पंकज पाटीदार का अभिनंदन किया गया। खाचरोद विधायक और वरिष्ठ होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान के हाथों डॉ. पाटीदार का सम्मान हुआ। लायन संजीव आचार्य ने कहा कि डॉ. पाटीदार वर्षों से सादगी और सहृदयता के साथ मरीजों को निरंतर चिकित्सा सेवा प्रदान कर रहे हैं। कार्यक्रम में लायन वी.के. गोयल, जे.पी. पंचारिया, डॉ. राममोहन शुक्ला और क्लब के पूर्व अध्यक्ष ओ.पी. जाटव विशेष रूप से उपस्थित थे।

इस दौरान डॉ. सिमरन बग्गा, डॉ. सुमती सिंह, बड़नगर के डॉ. आशीष तिवारी, नजरपुर के डॉ. पवन पाटीदार, सुवासा के डॉ. दशरथ पाटीदार, डॉ. रमेश आर्य, डॉ. तरण तारण खालसा, डॉ. आर. मारोठिया, डॉ. दीपक पिंडावाला, डॉ. ललित नागर, डॉ. डी.एस. तोमर, डॉ. पायल त्रिपाठी, डॉ. ममता व्यास, डॉ. भारती श्रीवास्तव, डॉ. योगेश स्वर्णकार, डॉ. भरत शर्मा, डॉ. सज्जन सिंह परिहार, डॉ. योगेंद्र तिवारी, डॉ. बृजेश पवार और डॉ. यश पिंडावाला सहित अनेक चिकित्सक एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आनंद विभाग के जिला समन्वयक डॉ. प्रवीण जोशी ने किया। उन्होंने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य होम्योपैथी को जन-जन तक पहुँचाना है। अंत में आभार डॉ. प्रवीण पांड्या ने माना।

